# ई संदेश

20 अगस्त, 2026 | अंक - 219

## सात दिन, सात पृष्ठ




- सुशासन और विकास के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री का विकसित भारत का संकल्प
- स्वाधीनता दिवस पर मुख्यमंत्री का आह्वान: एकजुटता से बनेगा आत्मनिर्भर भारत
- कलाकार लोक संस्कृति के वाहक, एकता ही बनाएगी भारत को श्रेष्ठ : मुख्यमंत्री
- 'खाकी का सितारा': मुख्यमंत्री जी ने किया यूपी पुलिस के शौर्य गान का लोकार्पण
- प्रदेश में नई एकीकृत युवा नीति और राज्य युवा आयोग के गठन के निर्देश
- मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।
- अटल जी का जीवन राष्ट्र निर्माण और सुशासन का अप्रतिम उदाहरण: मुख्यमंत्री
- उचित दर विक्रेताओं को 30 प्रतिशत लाभांश वृद्धि का उपहार, अन्नपूर्णा भवनों से बढ़ेगा सम्मान
- उत्तर प्रदेश-जापान निवेश समागम 2026: यूपी में जापानी औद्योगिक साझेदारी का नया अध्याय
- उत्तर प्रदेश बना भारत का 'ड्रीम इन्वेस्टमेण्ट डेस्टिनेशन': मुख्यमंत्री
- विरासत और विकास के समन्वय से वैश्विक पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बन रहा उत्तर प्रदेश
- स्वतंत्रता दिवस 2026 की झलकियां


**नए भारत का नया उत्तर प्रदेश**

# सुशासन और विकास के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री का विकसित भारत का संकल्प





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 15 अगस्त, 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधान भवन के समक्ष ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के हर अन्नदाता के खेत में समृद्धि, बेटियों के सपनों को उड़ान, गांवों में विकास और हर नागरिक के जीवन में सम्मान ही डबल इंजन सरकार का मूल संकल्प है। मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि स्वाधीनता हमें विरासत में मिली है, लेकिन विकसित भारत का निर्माण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जो 25 करोड़ की आबादी वाले विकसित उत्तर प्रदेश के सामूहिक प्रयासों के बिना सम्भव नहीं है।

समारोह में वीर सैनिकों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आजादी की लड़ाई उत्तर प्रदेश के योगदान के बिना अधूरी है। मंगल पाण्डे से लेकर अनेक महान क्रान्तिकारियों और हाल ही में कीर्ति चक्र से सम्मानित एसटीएफ के जांबाज शहीद इंस्पेक्टर सुनील कुमार जैसे वीर सपूतों का सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए एक राष्ट्रीय सम्मान है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विभाजन की त्रासदी से उपजी अशिक्षा, गरीबी, तुष्टिकरण और असुरक्षा जैसी चुनौतियों को पीछे छोड़ दिया है और उत्तर प्रदेश इस परिवर्तन में मजबूती से साथ चल रहा है।

युवा शक्ति को प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार जनसांख्यिकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) को विकास के इंजन में बदल रही है। मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की कि युवाओं को कौशल, नवाचार और रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार शीघ्र ही एक नई 'यूथ पॉलिसी' लेकर आ रही है। मुख्यमंत्री जी ने जोर देकर कहा कि आज उत्तर प्रदेश का युवा पलायन से मुक्त होकर एआई, सेमीकंडक्टर, डीपटेक और स्टार्टअप जैसे आधुनिक क्षेत्रों में निवेश और रोजगार के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

प्रदेश की कानून-व्यवस्था में आए ऐतिहासिक सुधार का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब 'उपद्रव प्रदेश' से 'उत्सव प्रदेश' बन चुका है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में राज्य का बजट, अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय तीन गुना बढ़ी है, साथ ही वीमेन वर्क फोर्स का योगदान भी तीन गुना हुआ है। प्रदेश अब 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों, 75 हजार एकड़ के लैंड बैंक और 36 सेक्टोरल पॉलिसियों के साथ देश के ग्रोथ इंजन और इन्वेस्टमेंट के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित हुआ है, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है।

शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्यों को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प से स्कूल ड्रॉप आउट रेट 19 प्रतिशत से घटकर मात्र 3 प्रतिशत रह गया है और 10 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान भारत का स्वास्थ्य कवर मिल रहा है। शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा की सुविधा प्रदान कर चिंतामुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार डीबीटी के माध्यम से बिचौलियों को खत्म कर 65 लाख परिवारों को आवास, 3 करोड़ शौचालय और 16 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त राशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाकर वास्तविक अन्त्योदय सुनिश्चित कर रही है।

नारी सशक्तिकरण और किसानों की उन्नति पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मिशन शक्ति और सेफ सिटी परियोजनाओं ने महिलाओं को असुरक्षा से पूर्णतः मुक्ति दिलाई है, जिससे स्टार्टअप और पंचायत से लेकर पुलिस बल तक में उनकी भागीदारी तेजी से बढ़ी है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसानों को डीबीटी, उन्नत तकनीक और समय पर भुगतान का लाभ मिलने से प्रदेश की कृषि विकास दर 8 प्रतिशत से उछलकर 18 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

विरासत और विकास के बेहतरीन समन्वय पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अयोध्या, काशी, मथुरा और हाल ही में यूनेस्को सूची में शामिल सारनाथ जैसे ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और वर्ष 2025 में 156 करोड़ पर्यटक यहाँ आये। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि युवा शक्ति के बल पर प्रदेश में एक दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाने और 'एक जनपद एक नदी' योजना के तहत लुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने का महाभियान पूरी गति से आगे बढ़ रहा है।



# स्वाधीनता दिवस पर मुख्यमंत्री का आह्वानः एकजुटता से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 15 अगस्त, 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने सरकारी आवास पर ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि स्वाधीनता का अर्थ केवल राजनीतिक आजादी नहीं, बल्कि अराजकता, पिछड़ेपन, गरीबी, अशिक्षा और असमानता से पूर्ण मुक्ति भी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश को 1947 में महान सपूतों के लम्बे संघर्ष, त्याग और बलिदान के उपरांत स्वतंत्रता प्राप्त हुई। वर्ष 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर में शहीद मंगल पांडे, महारानी लक्ष्मीबाई और श्री धन सिंह कोतवाल जैसे वीरों ने विदेशी दासता के विरुद्ध जो लौ प्रज्ज्वलित की, वह पूरे देश में सामूहिक संघर्ष का प्रतीक बनी।

मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि देश के 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक योगदान से ही स्वाधीनता को दीर्घकाल तक सुरक्षित रखा जा सकता है। विगत आठ दशकों में अनेक चुनौतियों का समाधान हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग तक शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता किसान को विकास यात्रा के केन्द्र में रखा गया है। डीबीटी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का शत - प्रतिशत लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। युवाओं को आधुनिक तकनीक के अनुरूप तैयार करने के लिए मिशन रोजगार के साथ नए संस्थानों का निर्माण किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने अवगत कराया कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु मेडिकल कॉलेजों तथा एम्स की नई श्रृंखला विकसित की गई है। इसके अतिरिक्त, रेलवे कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ ही वंदे भारत, नमो भारत, मेट्रो और रैपिड रेल जैसी अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं से आम नागरिक का आवागमन सुगम हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिए अत्यन्त गौरव का विषय है कि पहली बार उत्तर प्रदेश पुलिस के जांबाज इंस्पेक्टर स्व0 श्री सुनील कुमार को कीर्ति चक्र प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अपराध एवं अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक समारोह तक सीमित न रहे, बल्कि यह नागरिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता का अवसर भी है। प्रत्येक नागरिक ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना के साथ अपना योगदान दे, जिससे आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प शीघ्र साकार हो सके।





# कलाकार लोक संस्कृति के वाहक, एकता ही बनाएगी भारत को श्रेष्ठ : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 15 अगस्त, 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधान भवन के समक्ष सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले विभिन्न राज्यों एवं जनपदों के कलाकारों को अपने सरकारी आवास पर सम्मानित किया।

'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम पर आधारित इस भव्य संगम में जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक के कलाकारों ने अपनी लोक और शास्त्रीय कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संवाद के दौरान, जम्मू-कश्मीर की सुश्री श्रुति ठाकुर द्वारा श्रीरामलला के दर्शन की इच्छा जताने पर मुख्यमंत्री जी ने तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को उनकी अयोध्या यात्रा की आवश्यक व्यवस्था कराने के सख्त निर्देश दिए।

महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा उत्तर प्रदेश के आतिथ्य की सराहना किए जाने पर मुख्यमंत्री जी ने बताया कि यही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सच्ची भावना है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत एक तब होगा, जब जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और अरुणाचल प्रदेश से लेकर गुजरात तक की सभी सांस्कृतिक धाराएं एक साथ जुड़ेंगी और यही सांस्कृतिक एकता भारत को श्रेष्ठ बनाएगी।

कलाकारों के महत्व को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने बताया कि कलाकार केवल गायन या नृत्य प्रस्तुत करने वाले नहीं हैं, बल्कि वे लोक परम्परा और संस्कृति के सच्चे वाहक हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोक परम्परा में ही हमारा अतीत सुरक्षित रहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसी उद्देश्य से कलाकारों को दीपोत्सव, जन्माष्टमी, रंगोत्सव और माघ मेले जैसे प्रदेश के बड़े आयोजनों से जोड़कर उन्हें व्यापक मंच प्रदान किया जा रहा है।

अन्य प्रदेशों की संस्कृति को जानने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कलाकारों को अपने प्रवास के दौरान वहां के स्थानीय स्थलों, परम्पराओं और खान-पान का भी अवलोकन करना चाहिए। महोबा की 'वीर आल्हा' प्रस्तुति और मथुरा के कलाकारों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने बताया कि लोक परम्पराओं को जीवन्त बनाए रखने का यह कार्य राष्ट्र व समाज के लिए अत्यंत वंदनीय है।












# 'खाकी का सितारा': मुख्यमंत्री जी ने किया यूपी पुलिस के शौर्य गान का लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 14 अगस्त, 2026 को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रेरणादायी थीम गीत 'खाकी का सितारा' को लॉन्च किया तथा इसकी विशेष स्मारक एलपी प्रतिकृति का अनावरण किया। इसी कार्यक्रम के दौरान साइबर क्राइम जागरूकता पर आधारित, अभिनेता नाना पाटेकर अभिनीत एक विशेष फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 'खाकी का सितारा' मात्र एक गीत नहीं है, बल्कि यह पुलिस बल के शौर्य, सेवा, संवेदना और कर्तव्यनिष्ठा को स्वर देने वाला एक अभिनव प्रयास है, जो जवानों को कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन की ऊर्जा देता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आजादी के 80वें वर्ष में स्वतंत्रता का संकल्प केवल राजनीतिक स्वाधीनता तक सीमित नहीं है, बल्कि एक मजबूत, सुरक्षित और विकसित भारत का निर्माण इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सुशासन की आधारशिला सुरक्षा पर टिकी है और जब नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है, तभी वह विकास की प्रक्रिया में पूरी ऊर्जा और विश्वास के साथ सहभागी बनता है।

पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की बदली हुई तस्वीर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य को एक नई पहचान मिली है और व्यवस्था के प्रति नागरिकों का विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जहां शौर्य होता है, वहां संवेदना भी होती है, जबकि कायरता से लूटपाट और अराजकता जन्म लेती है। आतंकवाद, नक्सलवाद और दंगे को कायरता का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस और आम नागरिकों के प्रति पूरी संवेदनशीलता की नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया है, जिससे प्रदेश कर्फ्यू और दंगों से मुक्त हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आकार और प्रति व्यक्ति आय में लगभग तीन गुना की वृद्धि कोई संयोग नहीं है, बल्कि इसके पीछे बेहतर कानून-व्यवस्था की भूमिका है। आज प्रदेश में पर्व शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हो रहे हैं और सुरक्षित वातावरण निवेश, रोजगार व विकास का मजबूत आधार तैयार कर रहा है।

समारोह में प्रदर्शित साइबर सुरक्षा फिल्म के संदर्भ में मुख्यमंत्री जी ने अभिनेता नाना पाटेकर के सामाजिक सरोकारों की सराहना की। महाराष्ट्र में किसानों की सहायता के लिए उनके निस्वार्थ कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक कलाकार की महानता समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी में दिखाई देती है। डिजिटल दुनिया में बढ़ रहे साइबर अपराधों और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इससे बचाव के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है और श्री पाटेकर का इस अभियान से जुड़ना इसे जन-जन तक पहुंचाएगा।

प्रख्यात गायक शंकर महादेवन द्वारा गीत को स्वर दिए जाने की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सावन के पवित्र माह में इस प्रस्तुति ने गीत को नई ऊंचाई प्रदान की है। आजाद हिंद फौज का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रेरणादायी गीत राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान की भावना को सुदृढ़ करते हैं और 'खाकी का सितारा' भी पुलिस जवानों में राष्ट्रसेवा की भावना को और मजबूत करेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में महाकुंभ और चुनाव जैसे बड़े आयोजनों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी जिम्मेदारी है। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ श्रद्धालुओं के कुशल प्रबंधन तथा 22 बंधक बच्चों को विस्फोटकों के घेरे से सुरक्षित निकालने के चुनौतीपूर्ण अभियान का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पुलिस ने अपने साहस और रणनीतिक कौशल का उत्कृष्ट परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज प्रदेश में कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में लेने का दुस्साहस नहीं कर सकता, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पुलिस को समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के साथ भी पूर्ण संवेदनशीलता से कार्य करना होगा। अंत में मुख्यमंत्री जी ने गीत से जुड़ी पूरी टीम को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस, प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए पूरी मजबूती से कार्य करती रहेगी।





# प्रदेश में नई एकीकृत युवा नीति और राज्य युवा आयोग के गठन के निर्देश





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 14 अगस्त, 2026 को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित यू0पी0 टी-20 लीग सीजन-4 का शुभारम्भ करते हुए स्पष्ट किया कि यह लीग युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने, प्रदर्शन करने और आगे बढ़ने का नया अवसर प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे 25 करोड़ की आबादी वाले विशाल राज्य में क्रिकेट की अपार प्रतिभाएं मौजूद हैं, जिन्हें अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है और यह लीग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है।

80वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर इस नए सीजन के शुभारम्भ को विशेष और ऐतिहासिक अवसर निरूपित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह प्रतियोगिता काशी से मेरठ सहित पूरे प्रदेश को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य कर रही है। जब अलग-अलग क्षेत्रों की टीमें एक मंच पर प्रतिस्पर्धा करती हैं, तो इससे न केवल प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को व्यापक पहचान मिलती है, बल्कि युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना का भी सुदृढ़ विकास होता है।

मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन का स्मरण करते हुए जोर दिया कि फिट युवा ही फिट इण्डिया के भविष्य का निर्धारण करता है। खेल को केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम न मानते हुए मुख्यमंत्री जी ने इसे युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा टीम भावना को सशक्त करने का महत्वपूर्ण साधन करार दिया। मुख्यमंत्री जी ने रेखांकित किया कि प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर, उचित मार्गदर्शन और एक बेहतर मंच उपलब्ध कराने की है।

मुख्यमंत्री जी ने विचार व्यक्त किया कि इस प्रकार की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को एक उत्कृष्ट प्रतिस्पर्धी माहौल मिलता है। इससे उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त होता है तथा अपने प्रदर्शन को निरंतर निखारने के अवसर सुलभ होते हैं। इन्हीं अवसरों का लाभ उठाकर प्रदेश के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।

बड़े खेल आयोजनों के बहुआयामी लाभों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यू0पी0 टी-20 लीग जैसे आयोजनों से प्रदेश के स्टेडियम और खेल अधोसंरचना में निरंतर सुधार होता है। खेलों के आयोजन हेतु स्टेडियम को तैयार करने में सम्बन्धित विभागों एवं सहयोगी स्टाफ को भी अपनी कार्यक्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इसके अतिरिक्त, युवा खिलाड़ियों को अनुभवी विशेषज्ञों से सीधे मेंटरिंग प्राप्त होती है, जो उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के साथ ही आम जनमानस के लिए मनोरंजन का एक उत्कृष्ट माध्यम भी सुलभ कराता है।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरीश चन्द्र यादव, बी0सी0सी0आई0 के उपाध्यक्ष श्री राजीव शुक्ला, विधान परिषद सदस्य डॉ0 महेन्द्र सिंह, यू0पी0 टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन श्री संजय कपूर सहित अन्य पदाधिकारी तथा शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा के समक्ष रखे चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।





# अटल जी का जीवन राष्ट्र निर्माण और सुशासन का अप्रतिम उदाहरणः मुख्यमंत्री






मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 16 अगस्त, 2026 को पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 08वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 'अटल स्मृति संध्या' कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अटल जी का छह दशकों से अधिक का सार्वजनिक जीवन निष्कलंक और राष्ट्रहित के प्रति पूर्णतः समर्पित रहा। मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि अटल जी ने राजनीति को सत्ता प्राप्त करने का माध्यम न मानकर, इसे सेवा और आदर्शों के आधार पर राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने 'अटल वाणी' ई-पुस्तक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अटल जी के व्यक्तित्व में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना सर्वोपरि थी। जब भी दल और देश के हित में चुनने का अवसर आया, उन्होंने दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर सदैव राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री जी ने स्मरण कराया कि 1971 के युद्ध में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में हुए अत्याचारों के विरुद्ध अटल जी मजबूती से खड़े हुए और बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का समर्थन किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आपातकाल के दौरान भी अटल जी ने लोकतंत्र को दलगत हित से ऊपर रखा और भारतीय जनसंघ का जनता पार्टी में विलय कर जयप्रकाश नारायण जी के आन्दोलन में अहम योगदान दिया। मुख्यमंत्री जी ने अवगत कराया कि 1989 के अस्थिर दौर में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए भी अटल जी ने विश्व मंचों पर भारत के हितों की रक्षा का दायित्व पूरी मजबूती से निभाया, जो भारतीय लोकतंत्र की एक बेहद स्वस्थ परम्परा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 1990 के दशक की राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदलने और समन्वयवादी राजनीति को आगे बढ़ाने का श्रेय अटल जी को ही जाता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अटल जी के शासन और प्रशासन से जुड़े मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही उनके जन्मदिवस को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान अटल जी के दृढ़ नेतृत्व का पूरा देश साक्षी बना, जब उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि भारत अपनी एक इंच भूमि पर भी अतिक्रमण स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अटल जी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, अन्न योजना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उन्नयन को नई गति दी और विकास को केवल शहरों तक सीमित न रखकर गांवों और सामान्य नागरिक तक पहुंचाया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर की एकता के लिए संघर्ष करने वाले अटल जी का धारा 370 समाप्त करने का संकल्प आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में साकार हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार अटल जी के आदर्शों और मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए सुशासन की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है। लखनऊ में निर्मित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' और उनके नाम पर स्थापित चिकित्सा विश्वविद्यालय इसी श्रृंखला का हिस्सा हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अटल जी की कर्मभूमि बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां इसी सत्र से प्रवेश प्रारम्भ होने जा रहा है। इसके साथ ही पैतृक गांव बटेश्वर में उनकी प्रतिमा व स्मारक का निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अटल जी की कविता में संवेदना थी, राजनीति में शुचिता थी और निर्णयों में दृढ़ता थी, जो आज भी सार्वजनिक जीवन के प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।



**मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी की 196 वीं जयन्ती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी**

# उचित दर विक्रेताओं को 30 प्रतिशत लाभांश वृद्धि का उपहार, अन्नपूर्णा भवनों से बढ़ेगा सम्मान





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 17 अगस्त, 2026 को लोक भवन में प्रदेश के लगभग 80 हजार उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में 30 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि (90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुन्तल) करने के उपरान्त आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री जी ने सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अन्तर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारम्भ करते हुए कहा कि उचित दर विक्रेता शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु हैं और पारदर्शी व्यवस्था से ही समाज के प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है।

श्रावण मास के तीसरे सोमवार का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री जी ने बताया कि शिव की उपासना हमें समाज की सेवा के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2017 से पूर्व सत्ताधारी लोगों के भ्रष्ट आचरण के कारण 'कोटेदार' शब्द को शक की निगाह से देखा जाता था, लेकिन आज पारदर्शी वितरण प्रणाली और सिंगल डोर-स्टेप डिलीवरी से उचित दर विक्रेताओं का सम्मान वापस लौटा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश का समग्र परसेप्शन पूरी दुनिया में बदला है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि प्रदेश में 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था के साथ उचित दर दुकानों को 'अन्नपूर्णा भवन' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां राशन के साथ 39 प्रकार के अन्य दैनिक व ओडीओपी (ODOP) उत्पाद भी बेचे जा सकेंगे, जिससे स्वदेशी को बढ़ावा मिलेगा और विक्रेताओं की आय में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री जी ने अवगत कराया कि मार्जिन मनी 90 रुपये से बढ़कर 125 रुपये प्रति कुन्तल होने से अब 100 कुन्तल राशन वितरित करने वाले विक्रेता की मासिक आय 12,750 रुपये से बढ़कर सीधे 16,250 रुपये हो जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भारत सरकार से इस लाभांश को 25 रुपये और बढ़ाने का अनुरोध भी किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में गरीब के घर राशन नहीं पहुंचता था और भूख से मौतें होती थीं, लेकिन आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है तथा निराश्रितों एवं दिव्यांगजनों को घर तक राशन पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग में हुए व्यापक सुधारों का ही परिणाम है कि आज राशन वितरण से जुड़ी शिकायतें पूरी तरह शून्य हो गई हैं।

कोरोना काल में उचित दर विक्रेताओं के सेवाभाव की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी दाल, नमक और तेल हर जरूरतमंद तक पूरी निष्ठा से पहुंचाया गया। किसानों के हित की बात करते हुए मुख्यमंत्री जी ने बताया कि प्रदेश सरकार बिचौलियों की व्यवस्था को समाप्त कर सीधे किसानों से उपज खरीद रही है और डीबीटी के माध्यम से एमएसपी का सीधा भुगतान कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक विद्यालयों में अभूतपूर्व सुधार किए हैं। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि वर्ष 2017 से पूर्व स्कूलों में भवनों और शिक्षकों का अभाव था, लेकिन आज विद्यालय स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, फर्नीचर और अलग-अलग शौचालयों जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं तथा 1.60 करोड़ बच्चों को यूनीफॉर्म और किताबें निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।



# उत्तर प्रदेश-जापान निवेश समागम 2026: यूपी में जापानी औद्योगिक साझेदारी का नया अध्याय







मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 19 अगस्त, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित उत्तर प्रदेश-जापान इन्वेस्टमेन्ट मीट-2026 में प्रतिभाग करते हुए राज्य को जापानी उद्योगों के लिए दीर्घकालिक निवेश एवं औद्योगिक साझेदारी के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एस्कॉर्ट्स कुबोटा लि. और स्पार्क मिण्डा कॉरपोरेशन लि. की महत्वपूर्ण निवेश परियोजनाओं की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सम्पन्न हुई।

मुख्यमंत्री जी ने बताया कि एस्कॉर्ट्स कुबोटा लि. द्वारा 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से ट्रैक्टर एवं निर्माण उपकरणों के लिए यीडा में परियोजना स्थापित की जा रही है, जिससे लगभग 4,000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसके साथ ही स्पार्क मिण्डा कॉरपोरेशन लि. द्वारा यीडा में 1,166 करोड़ रुपये के निवेश से दो बड़े विनिर्माण प्रोजेक्ट स्थापित किए जा रहे हैं, जिनसे लगभग 6,440 युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के मध्य यह साझेदारी ट्रस्ट, टेक्नोलॉजी, कल्चर और शेयर्ड विजन के मजबूत आधार पर निर्मित है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि दोनों देशों के सम्बन्ध भगवान बुद्ध की करुणा और मध्य मार्ग जैसे सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित हैं। यह साझेदारी शेयर्ड ग्रोथ, शेयर्ड टेक्नोलॉजी और शेयर्ड प्रोस्पेरिटी की परिचायक है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज भारत की टॉप-थ्री इकोनॉमी में सम्मिलित होकर देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि विगत 09 वर्षों में राज्य सरकार ने सुरक्षा, स्थिरता और गति के साथ प्रदेश के बजट, जी.एस.डी.पी. और प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। साथ ही, प्रदेश में महिला कार्यबल की भागीदारी भी तीन गुनी से अधिक हुई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के पास उत्कृष्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और गुड गवर्नेंस का एडवांटेज है। राज्य में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकण्डक्टर ईकोसिस्टम का निरन्तर विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि देश के 60 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे, 17 एयरपोर्ट, सबसे बड़े रेल नेटवर्क, रैपिड रेल और इनलैण्ड वाटर-वे के साथ यूपी आज ग्लोबल स्टैण्डर्ड कनेक्टिविटी प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त 96 लाख से अधिक एमएसएमई, 35 हजार बड़े उद्योग और 36 सेक्टोरल नीतियां अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही हैं।

निवेश सम्भावनाओं का विस्तृत ब्यौरा देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य में 75 हजार एकड़ से अधिक का डेडिकेटेड इण्डस्ट्रियल लैण्ड बैंक और 27 लॉजिस्टिक क्लस्टर उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश एआई, सेमीकण्डक्टर, रोबोटिक्स, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और एग्रीटेक में निवेश का नया केन्द्र बन गया है। देश का 55 प्रतिशत मोबाइल फोन उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है तथा यह प्रदेश भारत के फूड बास्केट के रूप में 21 प्रतिशत खाद्यान्न का योगदान दे रहा है।

सांस्कृतिक विरासतों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जापान जहां 'लैण्ड ऑफ राइजिंग सन' है, वहीं यूपी श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान बुद्ध की पावन भूमि है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि जापान की 'काइजेन' फिलॉसफी और उत्कृष्ट तकनीक का यूपी के स्केल और इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ अद्भुत समन्वय हो सकता है। इसी दिशा में नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट के समीप 'जापान सिटी' विकसित की जा रही है, जिसके निकट ही सेमीकण्डक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थित हैं।

औद्योगिक सुगमता पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए 'निवेश मित्र 3.0' पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिससे सम्पूर्ण अप्रूवल प्रोसेस अत्यधिक पारदर्शी हुआ है। राज्य सरकार मेगा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समय से पहले और एस्टीमेट से कम लागत में पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि सुरक्षित वातावरण के कारण ही प्रदेश में फॉक्सकॉन-एचसीएल, सेमीकण्डक्टर प्लाण्ट और डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग हब जैसी वैश्विक परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं।

युवा शक्ति और तकनीकी विकास को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य के युवाओं को जापानीज मैन्युफैक्चरिंग कल्चर से जोड़ना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जापान की मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेन्स के माध्यम से युवाओं को 'फाइव-एस' और 'लीन मैन्युफैक्चरिंग' जैसी जापानी तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि यामानाशी प्रीफेक्चर के साथ ग्रीन हाइड्रोजन पर उच्च स्तरीय कार्य हो रहा है, जिसके लिए आईआईटी कानपुर सहित अन्य संस्थानों में 50 करोड़ रुपये से सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स स्थापित किए जा रहे हैं।

जेट्रो, इन्वेस्ट यूपी और सीआईआई के मध्य प्रस्तावित समझौते को संस्थागत आधार प्रदान करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जापानी कम्पनियां प्रदेश में फैक्ट्रीज लगाने के साथ-साथ तकनीकी और स्किल सेन्टर का भी निर्माण करें। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एक रिलायबल पार्टनर के रूप में निवेशकों के साथ खड़ी है और जापानी कम्पनियों को उत्तर प्रदेश को अपना 'सेकण्ड इण्डस्ट्रियल होम' मानना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय मंत्रियों एवं जापानी प्रतिनिधियों ने भी उत्तर प्रदेश को निवेश का सबसे सम्भावनाशील गन्तव्य बताते हुए इस साझेदारी को ऐतिहासिक करार दिया।

इस अवसर पर यामानाशी प्रीफेक्चर, जापान के गवर्नर श्री कोटारो नागासाकी, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नन्दी', नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री श्री जसवंत सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश बना भारत का 'ड्रीम इन्वेस्टमेण्ट डेस्टिनेशन': मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 19 अगस्त, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित यूपी-जापान इन्वेस्टमेण्ट मीट-2026 के दौरान प्रमुख कम्पनियों के सी0ई0ओ0 व बिजनेस लीडर्स के साथ आयोजित राउण्ड टेबल मीटिंग में निवेशकों का उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रति उत्साह दिखाने के लिए आभार जताया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 09 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 360 डिग्री का व्यापक परिवर्तन हुआ है। इसी बदलाव के कारण आज उत्तर प्रदेश भारत के ड्रीम इन्वेस्टमेण्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभरकर सामने आया है।

मुख्यमंत्री जी ने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश आएं और यहां अपनी औद्योगिक एवं कारोबारी गतिविधियों का विस्तार करें। मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि निवेशकों को किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े और सरकार की ओर से हर सम्भव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन्वेस्टमेण्ट मीट को लेकर प्रमुख उद्योगपतियों और सभी सी0ई0ओ0 ने जिस तरह की उत्सुकता दिखाई है, उसके लिए वे सभी का हृदय से धन्यवाद करते हैं। मुख्यमंत्री जी ने आश्वस्त किया कि निवेशकों द्वारा दिए गए सुझावों को प्रदेश सरकार की टीम ने गम्भीरता से संज्ञान में लिया है और जो भी व्यावहारिक समस्याएं सामने आएंगी, उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास बड़ी संख्या में युवा मैनपावर है और सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप स्किलिंग और अपस्किलिंग के अवसर उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री जी ने अवगत कराया कि प्रदेश में बदलते औद्योगिक परिदृश्य के अनुरूप इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, स्किल्ड मैनपावर और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लगातार मजबूत किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ निवेश करने वाली कम्पनियों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाला निवेश निवेशकों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा और प्रदेश सरकार अपनी नीतियों के दायरे में निवेशकों को हर सम्भव सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री जी ने जोर देते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि निवेश की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो, ताकि उद्यमियों को अपने कारोबार के विस्तार के लिए एक बेहतर वातावरण मिल सके।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं करती, बल्कि जो कहती है, उसे धरातल पर उतारती है। मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि विगत 09 वर्षों में कानून-व्यवस्था, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक वातावरण और निवेश के लिए तैयार नीतियों से जो बदलाव आया है, उसने उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर प्रस्तुत की है जिसे निवेशक स्वयं देख सकते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऐसे संवाद के माध्यम से सरकार को उद्योग जगत की अपेक्षाओं और जरूरतों को समझने का अवसर मिलता है, वहीं निवेशकों को प्रदेश में उपलब्ध सम्भावनाओं और सुविधाओं की जानकारी मिलती है। मुख्यमंत्री जी ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश में प्रमुख उद्योग समूहों की बढ़ती रुचि से प्रदेश में नए निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को अभूतपूर्व गति मिलेगी।

इस अवसर पर यामानाशी प्रीफेक्चर, जापान के गवर्नर श्री कोटारो नागासाकी, प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी', नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री श्री जसवंत सिंह सैनी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विरासत और विकास के समन्वय से वैश्विक पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बन रहा उत्तर प्रदेश






मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दिनांक 19 अगस्त, 2026 को लखनऊ में होटल ताज पैलेस के उद्घाटन अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं और प्रदेश की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को आधुनिक विकास के साथ जोड़कर इसे वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ने यह साबित कर दिया है कि यह 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' वाला प्रदेश और सही मायने में 'हार्ट लैण्ड ऑफ इण्डिया' है।

मुख्यमंत्री जी ने टाटा ग्रुप, आई.एच.सी.एल. तथा होटल के संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब बदलाव की नई यात्रा पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि युवाओं को अधिक से अधिक अवसरों से जोड़ने और उनकी स्किलिंग को विकास की गति के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, जिससे स्केल और स्किलिंग के समन्वय से उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूती से निभा सके।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश देश की आत्मा की भूमि है, जहां अयोध्या, मथुरा-वृन्दावन, काशी, प्रयागराज जैसे धार्मिक केन्द्रों के साथ-साथ भगवान बुद्ध और जैन तीर्थंकरों से जुड़े पवित्र स्थल मौजूद हैं। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि विगत 09 वर्षों में प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश की विरासत और मूल पहचान को केन्द्र में रखकर विकास की नई दिशा तय की है।

पर्यटन के ऐतिहासिक आंकड़ों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2017 में पर्यटन के क्षेत्र में देश में तीसरे स्थान पर रहने वाले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2025 में 156 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि यह बड़ा परिवर्तन प्रदेश की सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विरासत के साथ विकास' विजन का सीधा परिणाम है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यूनेस्को द्वारा लखनऊ को 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' की मान्यता मिलना इसकी समृद्ध पाक परम्परा की वैश्विक पहचान है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि प्रदेश सरकार 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की तर्ज पर अब 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुज़ीन' की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जी ने ताज पैलेस के संचालकों को निर्देश दिए कि वे होटल के मेन्यू में अवध और पूर्वी उत्तर प्रदेश के पारम्परिक व्यंजनों, बाटी-चोखा, सत्तू तथा मिलेट आधारित भोजन को प्रमुखता से स्थान दें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 181 रूम, सुइट्स और 10,000 वर्ग फुट के पिलरलेस बैंक्वेट हॉल से सुसज्जित यह ताज पैलेस, लखनऊ को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय आयोजनों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के लिए एक बेहतरीन गंतव्य बनाएगा। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि दिल्ली में आयोजित यूपी-जापान इन्वेस्टमेण्ट मीट में हिस्सा लेने आए 200 से अधिक जापानी निवेशकों और सी.ई.ओ. का ताज पैलेस में ठहरना प्रदेश के बढ़ते हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है।

रोजगार सृजन पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ताज पैलेस लखनऊ से लगभग 600 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि सैकड़ों अन्य लोग इसकी सप्लाई चेन से अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश 12 डोमेस्टिक और 05 इण्टरनेशनल एयरपोर्ट, देश के 60 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, कई शहरों में मेट्रो, देश की पहली रैपिड रेल और इनलैण्ड वॉटर-वे के साथ निवेश एवं पर्यटन का सबसे पसंदीदा गंतव्य बन चुका है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' के माध्यम से उत्तर प्रदेश आज लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निर्यात कर रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है।

मुख्यमंत्री जी ने ताज ग्रुप का आह्वान किया कि वे प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, काशी और मथुरा-वृन्दावन जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी अपनी उच्च गुणवत्ता वाली हॉस्पिटैलिटी सुविधाओं की श्रृंखला का विस्तार करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने विगत 09 वर्षों में 'बॉटम-थ्री से टॉप-थ्री' की विकास यात्रा पूरी की है, अतः निवेशकों और होटल संचालकों को 'थिंक बिग, थिंक यूपी' की भावना के साथ प्रदेश के विकास में अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए।


















# स्वतंत्रता दिवस 2026 की झलकियां



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के लिए निदेशक श्री विशाल सिंह, आईएएस द्वारा प्रकाशित